प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

6 सितंबर 2021

## 2021-22 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

रिज़र्व बैंक ने आज 2021-22 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के कार्य - निष्पादन से संबंधित आंकड़ों का प्रकाशन किया, जिन्हें 2,610 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्त (एनजीएनएफ) कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से प्राप्त किया गया है। तुलना करने में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए 2020-21 की पहली तिमाही और 2020-21 की चौथी तिमाही से संबंधित आंकड़े भी सारणी में प्रस्तुत किए गए हैं। आंकड़े को वेब लिंक https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 से एक्सेस किया जा सकता है।

**विशेष:**

**बिक्री**

- 2021-22 की पहली तिमाही में 1,647 विनिर्माण कंपनियों की बिक्री में (वर्षानुवर्ष) 75 प्रतिशत की असाधारण उच्च वृद्धि देखी गई (तालिका 2ए और तालिका 5ए) जो अत्यंत न्यून बेस द्वारा समर्थित था {2020-21 की पहली तिमाही में (-)41.1.प्रतिशत की कमी} और जो तिमाही के दौरान परिचालनों पर कोविद 19 महामारी के दुष्प्रभाव को दर्शाता था।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों की बिक्री वृद्धि (वर्षानुवर्ष), जो पूरी महामारी के दौरान धनात्मक क्षेत्र में ही रही, 2021-22 की पहली तिमाही में पिछली तिमाही के 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 17.5 प्रतिशत हो गई (तालिका 2ए)।
- 2021-22 की पहली तिमाही में गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री में भी तेज वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज हुई; जबकि इसी समूह के अंतर्गत टेलीकॉम कंपनियों के राजस्व में गिरावट देखी गई (तालिका 2ए और तालिका 5ए)।

**व्यय**

- विनिर्माण कंपनियों ने 2021-22 की पहली तिमाही के दौरान बिक्री में हुई वृद्धि के अनुरूप कच्चे माल पर अपने खर्च में वृद्धि की (तालिका 2ए)।
- 2021-22 की पहली तिमाही में सभी क्षेत्रों के लिए स्टाफ लागत में वृद्धि (वर्षानुवर्ष) दर्ज़ हुई (तालिका 2ए)।

**परिचालनगत लाभ**

- 2021-22 की पहली तिमाही में विनिर्माण कंपनियों (वर्षानुवर्ष) और सेवा क्षेत्र की कंपनियों (आईटी और गैर-आईटी दोनों) के परिचालन लाभ में उनकी बिक्री के अनुरूप उच्च वृद्धि रही (तालिका 2ए)।

**ब्याज**

- 2021-22 की पहली तिमाही में विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] 7.5 पर दृढ़तापूर्वक स्थिर रहा (जो पिछली तिमाही में 7.3 था); गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर यूनिटी से नीचे रहा (तालिका 2बी)।

**मूल्य निर्धारण शक्ति**

- तिमाही के दौरान विनिर्माण और आइटी कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन स्थिर रहा जबकि गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए इसमें कमी दर्ज़ हुई (सारणी 2बी)।

<table>
<tr><th colspan="4">तालिका की सूची</th></tr>
<tr><th colspan="2">तालिका सं.</th><th colspan="2">शीर्षक</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1</td><td>ए</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">2</td><td>ए</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन - क्षेत्रवार</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">3</td><td>ए</td><td rowspan="2">चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्‌ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">4</td><td>ए</td><td rowspan="2">बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">5</td><td>ए</td><td rowspan="2">उद्‌योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td colspan="4">व्याख्यात्मक नोट्स</td></tr>
<tr><td colspan="4">शब्दावली</td></tr>
</table>

**नोट:**

- भिन्न - भिन्न तिमाहियों में, परिणामों की घोषणा की तारीख पर निर्भर करते हुए, कंपनियों के कवरेज में परिवर्तन होते हैं; तथापि इसके कारण सकल स्थिति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होगा ऐसी कोई प्रत्याशा नहीं की जाती।
- संकलन पद्धति पर विस्तृत व्याख्यात्मक टिप्पणियों और शब्दावली (संशोधित परिभाषा और परिकलन सहित, जो पिछले प्रकाशनों से भिन्न हैं) संलग्न है।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/817**

[1] आइसीआऱ (अर्थात वह अर्जन अनुपात जो ब्याज व्ययों के लिए ब्याज और कर से पूर्व है) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता है। किसी अर्थक्षम आइसीआऱ का न्यूनतम मूल्य 1 है।